# स्कूल ऑफ हेल्थ साइंसेस

## विश्व एड्स दिवस आयोजन (01.12.2025)


कानपुर। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस में विश्व एड्स दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य एचआईवी की रोकथाम जागरूकता बढ़ाना था। इस दौरान पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें संस्थान के विभिन्न संकायों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। सभी बच्चों को एड्स के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम का संचालन संस्थान के निदेशक डा मुनीश रस्तोगी ने किया। इस दौरान संस्थान की सहायक निदेशिका डा हिना वैश्य तथा सहायक निदेशक धीरज कुमार, आमिना जैदी, विश्वदीप मिश्रा, दयाशंकर रस्तोगी सहित अन्य मौजूद रहे।

अमृत विचार


हेल्थ साइंसेस में विश्व एड्स दिवस पर हुई पोस्टर प्रतियोगिता

कानपुर, 1 दिसम्बर। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस में विश्व एड्स दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य एच.आई.वी. की रोकथाम जागरूकता बढ़ाना सामाजिक कलंग कम करना तथा वैश्विक थीम 'ओवरकमिंग डिस्ट्रप्शन ट्रांसफार्मिंग द एड्स रिस्पांस' को समर्थन देना था। विश्व एड्स दिवस के अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें संस्थान के विभिन्न संकायों के छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया। सभी बच्चों को एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाते हुये समाज में व्याप्त भ्रान्तियों को दूर किया। विद्यार्थियों को प्रोत्साहन प्रदान करने के लिये प्रमाण-पत्र भी प्रदान किये गये। इस अवसर पर निदेशक डा. मुनीश रस्तोगी, सहा. निदेशिका डा. हिना वैश्व, धीरज कुमार सुश्री आमिना जैदी, विश्वदीप मिश्रा, दयाशंकर रस्तोगी, सुश्री रेशू यादव, शिवम कुमार, वीरेन्द्र कुमार मौर्या आदि मौजूद रहे।

आज दिनांक 01 दिसम्बर, 2025 को छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस में माननीय कुलपति प्रो० विनय कुमार पाठक जी की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में विश्व एड्स दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य एच.आई.वी. की रोकथाम, जागरूकता बढ़ाना, सामाजिक कलंग कम करना तथा वैश्विक थीम ''ओवरकमिंग डिस्ट्रप्शन, ट्रांसफार्मिंग द एड्स रिस्पांस'' को समर्थन देना था।




विश्व एड्स दिवस के अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें संस्थान के विभिन्न संकायों के छात्र–छात्राओं ने बढ़–चढ़कर प्रतिभाग किया तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सभी बच्चों को एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाते हुये समाज में व्याप्त भ्रान्तियों को दूर करते हुये सहानुभूतिपूर्वक इसके उपचार करने पर ध्यान केन्द्रित किया गया। छात्र–छात्राओं को प्रोत्साहन प्रदान करने के लिये संस्थान की ओर से छात्र–छात्राओं को प्रमाण–पत्र भी प्रदान किये गये।

कार्यक्रम का संचालन संस्थान के निदेशक डा० मुनीश रस्तोगी के नेतृत्व में संस्थान की सहायक निदेशिका डा० हिना वैश्य तथा सहायक निदेशक श्री धीरज कुमार द्वारा किया गया तथा इस अवसर पर सुश्री आमिना जैदी, श्री विश्वदीप मिश्रा, श्री दयाशंकर रस्तोगी, सुश्री रेशू यादव, श्री शिवम कुमार, श्री वीरेन्द्र कुमार मौर्या आदि शिक्षकगण उपस्थित रहे।







